जिले के 93 मॉडल स्कूलों में आदर्श शिक्षण की तैयारियां

जिला परियोजना संयोजक (डीपीसी) कल्पना रंगा •

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: प्राथमिक मॉडल स्कूलों में आदर्श शिक्षण के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इन स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए पहले शिक्षकों को विषयवस्तु और टेस्ट आइटम्स से रूबरू कराया जा रहा है जिस आधार पर इन स्कूलों को मॉडल बनाया जाएगा। इन स्कूलों में स्कूलों के अध्यापकों को बेहतर पठन-पाठन को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले कुछ शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा और फिर यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों के प्राथमिक मॉडल स्कूलों के शिक्षकों को तैयार करेंगे। जिला परियोजना संयोजक कल्पना रंगा ने बताया कि विभाग के आदेश के मुताबिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिले में 93 प्राथमिक स्कूलों को मॉडल स्कूलों में बदला गया है। ऐसे में इन स्कूलों में ढांचागत और शैक्षणिक बदलाव किए जा रहे हैं। सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को कहा गया है कि पांच अगस्त से पहले अपने जिले से संबंधित सभी मास्टर ट्रेनर को बुलाकर जिला परियोजना समन्वयक के साथ बैठक की जाए। जिसके साथ ही अध्यापकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की योजना पूरी हो और प्रशिक्षण कार्य पूरा हो सके। इस प्रशिक्षण में स्कूल का एक मुख्याध्यापक और एक अध्यापक भाग लेगा। अगर स्कूल में मुख्य अध्यापक नहीं है तो ऐसी स्थिति में दो शिक्षकों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेना होगा।

प्रशिक्षण के दौरान अगर किसी स्कूल में एक भी अध्यापक नहीं रह जाता है तो खंड शिक्षा अधिकारी अपने स्तर पर स्कूल में किसी अन्य अध्यापक की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अगर प्रशिक्षण आफलाइन करवाया गया तो जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कोविड नियमों के तहत व्यवस्था करवाएंगे। फिलहाल स्कूलों में मूल्यांकन प्रक्रिया चल रही है। मूल्यांकन खत्म होते ही प्रशिक्षण शुरू कर दिया जाएगा।

ज्योतिष
फीस नहीं इनाम लूंगा

सीबीएसई परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने पाए बेहतरीन अंक

दसवीं कक्षा के परिणाम में यूनिट टेस्ट, मिड टेस्ट और प्री-बोर्ड में प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को अंक दिए गए, सबने जताई खुशी

आज हम उड़ान... परिणाम आने के बाद खुशी की उड़ान भरते हुए गुरुग्राम सेक्टर चार स्थित ब्लू बेल्स स्कूल के विद्यार्थी • [illegible]

सलोनी, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 14 गुरुग्राम •

सुरभि मदन, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 14 गुरुग्राम •

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा के परिणाम आने के बाद अपनी खुशी का इजहार करतीं सेक्टर 45 स्थित [illegible] इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं • जागरण

अवनि सिंह, सेक्टर चार स्थित ब्लू बेल्स मॉडल स्कूल गुरुग्राम

दिव्यकरन सिंह पसरीचा •

नंदिनी चानना, डीपीएस स्कूल सेक्टर 45 गुरुग्राम

विष्णुकांत चौधरी, डीपीएस स्कूल सेक्टर 45 गुरुग्राम

आदित्य अरोड़ा, डीपीएस स्कूल सेक्टर 45 गुरुग्राम

हिमांशी, डीपीएस मारुतिकुंज गुरुग्राम

श्रेया तिवारी, डीपीएस स्कूल मारुतिकुंज गुरुग्राम •

स्मृति सिंह छात्रा दसवीं रोटरी पब्लिक स्कूल गुरुग्राम •

चेतना सिंह, छात्रा दसवीं रोटरी पब्लिक स्कूल गुरुग्राम •

आदित्य लांबा, छात्र दसवीं रोटरी पब्लिक स्कूल गुरुग्राम •



गरिमा शर्मा, शारदा इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम •

स्नेहा साहू, शारदा इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम •



भूमिका यादव, शारदा इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम •

कुणाल शेखर, रेयान इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम •

आयुष सिंह, सोहना रोड स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल •

स्वास्तिक शर्मा, रेयान इंटरनेशनल स्कूल •



अदिति, सेक्टर-नौ स्थित ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल गुरुग्राम •

ऋषि सिंह, सेक्टर-नौ स्थित ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल गुरुग्राम •



अर्पिता निगम, सेक्टर-नौ स्थित ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल गुरुग्राम •

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा दसवीं कक्षा के परिणाम मंगलवार को जारी किए गए। इसमें शहर के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा के परिणाम में यूनिट टेस्ट, मिड टेस्ट और प्री-बोर्ड में प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को अंक दिए गए हैं। शहर के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कुछ विद्यार्थी मात्र एक अंक से शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने से चूक गए हैं।

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46 की छात्रा दीपान्विता मुखर्जी और राघवी गुप्ता ने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। एडेन गुप्ता, कामाक्षी गुप्ता, नंदिनी गोयल, ऋद्धि जैन, अनघा दीक्षित, मनन गर्ग, सुधींद्र शाह ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दिव्य कौल और शिवलीन नेहरू ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वर्णिका मेहता, दिव्या भार्गव, भुवन कपूर, रोही बिस्ला ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इशिता भार्गव और यशिका शर्मा ने 99 प्रतिशत, अन्वी चावला, पुलकित हांडा, उदित खुराना व वीरांगना चौधरी ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हरसिमरत सिंह आनंद, स्मृति नागपाल ने 98.6 प्रतिशत, जन्मेजय सिंह चौहान, रक्षण भटनागर, चिराग गुप्ता, अदिति पटनायक, श्रीमन त्रिपाठी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। माही मुदगिल, शिवा यादव, उर्वी सिंह, अर्णव राजन, अदिति यादव, तानी सहोटा, अदिश धीर, ईशा विभा, मान्या विजानिया, अर्पन पिल्लै ने भी बेहतरीन अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थियों को स्कूल की प्राचार्य आरती चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर 45, गुरुग्राम के छात्र विष्णुकांत चौधरी और नंदिनी चानना ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आदित्य अरोड़ा ने 98.6 प्रतिशत ईशान शेखर 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल की प्राचार्य अदिति मिश्रा ने विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 14 की छात्रा सलोनी ने 99 प्रतिशत, सुरभि मदन और दक्ष क्वात्रा ने 98.8 प्रतिशत, दिव्यकरन सिंह पसरीचा और सौम्या बंसीवाल 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल प्राचार्य अपर्णा एरी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 49 के छात्र शाश्वत गोयल ने 99.4 प्रतिशत, ईशाना हुड्डा ने 99.2 प्रतिशत, वैभवांशु भारद्वाज ने 98.4 प्रतिशत मिष्टी कुमार और कृतिका अरोड़ा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल प्राचार्य चारू मैनी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

विवेकानंद ग्लोबल स्कूल, सेक्टर सात एक्सटेंशन का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रा दीपश्री गुलाटी और नाज़ दहिया ने स्कूल में पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अजंता पब्लिक स्कूल, सेक्टर 31 के छात्र देवांग गर्ग 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में पहले, टीया गुप्ता तथा अंश गर्ग ने 97.2% प्राप्त करके दूसरे और अनन्या सिंह 96.1 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरे स्थान पर रहीं। प्राचार्य वैभव कपूर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

शिवनादर स्कूल, डीएलएफ फेज वन के छात्र अदित्य पटनायक ने 99.4 प्रतिशत, आर्यन गर्ग ने 99.2 प्रतिशत, अधीरा कपूर ने 98.8, अर्णव मिश्रा ने 98.4 और अंश गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके शानदार परिणाम दिए।

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 43 के छात्र प्रिंस मित्तल, ऐश्वर्य राज, अनिका बाली, लतिका गुप्ता ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला, दीपांशु नेगी ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

शीतला विद्यापीठ की छात्रा पूर्णिमा ने 98.2 प्रतिशत, सौरभ तिवारी ने 95.6, गौरव तंवर ने 93 प्रतिशत, मलिक ने 91.2 और वर्षिता ने 91 प्रतिशत और प्रणव चौधरी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

ब्लू बेल्स मॉडल स्कूल, सेक्टर चार की छात्रा अवनि सिंह ने 99.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, अनुराग सांगवान ने 99.4 प्रतिशत अंक, कृशाली शर्मा व दीप्ति गुप्ता ने 98.6 प्रतिशत अंक, सान्या व उज्ज्वल ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। स्कूल की निदेशिका डा. सरोज सुमन गुलाटी और प्रधानाचार्या अलका सिंह ने छात्रों को बधाई दी।

रोटरी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 22 का परिणाम शानदार रहा। स्कूल की छात्रा चेतना सिंह व स्मृति सिंह ने 98 फीसदी अंक प्राप्त करके स्कूल में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं श्रेया मिश्रा ने 95.6 प्रतिशत अंक व आदित्य लांबा ने 95.4% अंक हासिल किए हैं। स्कूल के प्राचार्य संदीप राव और स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

रेयान इंटरनेशनल स्कूल, सोहना रोड के छात्र आयुष सिंह व छात्रा लव्या जैन ने 99.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शुभम गोयल ने 98.2 प्रतिशत अंक, स्वास्तिक शर्मा ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। स्कूल के 36 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। स्कूल की प्राचार्य नीना शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

सलवान पब्लिक स्कूल, सेक्टर 15 पार्ट-2 की दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र तनिष्क अग्रवाल एवं प्रणय सिंह ने 98 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। 10वीं कक्षा में 138 छात्र पढ़ रहे हैं, जिनमें 77 छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल की प्राचार्य रश्मि मलिक ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

सीडी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अनुभव सक्सेना ने 98.4 प्रतिशत, रिया शर्मा ने 97.2 प्रतिशत, कविता मिनवाल 96.8 प्रतिशत, अनमोल मिश्रा ने 96.8 प्रतिशत, यश कौशिक ने 96.0 प्रतिशत, अमन शर्मा 96.0 प्रतिशत, आयुष त्रिपाठी 95.6 प्रतिशत, अविरल सिंह 94.8 प्रतिशत, अतुल राय 94.6 प्रतिशत, धीरज कुमार 94.2 प्रतिशत, हर्ष गौतम ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

शारदा इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा स्नेहा साहू ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है। छात्रा भूमिका यादव ने 97.6 प्रतिशत, गरिमा शर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 66 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल की प्रिंसिपल आभा यादव ने विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा परिणाम की बधाई दी।

ग्लोबल पब्लिक स्कूल की छात्रा पलक यादव ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है। छात्र अनघ वशिष्ठ ने 92 प्रतिशत और माहक ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के चेयरमैन देवेंद्र हंस व प्रिंसिपल डा. विनीता वशिष्ठ ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

श्री शिव चैतन्य अकादमी की छात्रा मानसी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है। छात्रा तनिषा ने 98.8 प्रतिशत, पायल ने 98 प्रतिशत, दिशा ने 97.2, नकुल ने 96.6, अंजलि, सोनिया व गरिमा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। छात्रा वर्षा ने 95.6 प्रतिशत, अभिनव व अंकिता ने 95.2 प्रतिशत, हर्ष व मानसी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

श्री एसएन सिद्धेश्वर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्र सुमित ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, अमन शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और वंश ने 97.4% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 76 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सेक्टर-नौ की छात्रा अदिति जागड़ा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अर्पिता निगम, ऋषि सिंह और साक्षी कुंतल ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और कृशा मित्तल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

केआइआइटी वर्ल्ड स्कूल की छात्रा पूर्वांगी चावला ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान पाया है। दूसरे स्थान पर अंजलि व तीसरे स्थान पर अनन्या कुशवाहा रहे।

डीपीएस मारुतिकुंज के छात्रों ने दसवीं कक्षा के परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया। हिमांशी ने 99.6 प्रतिशत अंक, संस्कृति जी. वालिया ने 99 प्रतिशत और श्रेया तिवारी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के प्राचार्य अखिलेश चंद्र चतुर्वेदी ने सभी छात्रों अभिभावकों व प्राध्यापकों को बधाई दी।